# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

**E-Mail Id-**eecdjnsonebhadra@gmail.com ***CUG Mobile No.***- +91 9473941817

पत्रांक 1151 / W-16 / 117 दिनांक– 17.06.2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

**विषयः–** **दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 15 जून 2026 को प्रकाशित शीर्षक ''पानी की टंकी शोपीस, बस्ती में गहराया पेयजल संकट'' की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 15 जून 2026 को प्रकाशित शीर्षक ''पानी की टंकी शोपीस, बस्ती मे गहराया पेयजल संकट'' के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के सम्बन्ध में अगवत कराना है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड राबर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत परासी पाण्डेय जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित बढौली कुशांही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजनान्तर्गत पेयजल टंकी का निर्माण वर्ष 1984 में किया गया था, जिससे जलापूर्ति नही हो पा रही है। वर्तमान में उक्त ग्राम को जल जीवन मिशन ''हर घर जल'' योजनान्तर्गत निर्माणाधीन पटवध ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना में सम्मिलित कर लिया गया है। योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। योजनान्तर्गत उक्त ग्राम के बस्ती में पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य लगभग पूर्ण करा दिया गया है एवं पाइप लाइन टेस्टिंग का कार्य कराया जा रहा है, जिसको आगामी एक सप्ताह में पूर्ण कर ग्राम पंचायत परासी पाण्डेय के हरिजन बस्ती में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाना सम्भावित है।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए जल शारथी एप के माध्यम से पेयजल की वर्तमान स्थिति देखी जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

<u>प्रतिलिपिः</u>– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता

# गहराया पेयजल संकट

वाराणसी ब्यूरो
Updated Mon, 15 Jun 2026 11:45 PM IST



रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत परासी पांडेय के हरिजन बस्ती में पानी की ढुलाई करते ग्रामीण। स - फोटो : सांकेतिक

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत परासी पांडेय की हरिजन बस्ती में इन दिनों गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। यह स्थिति तब है, जब गांव में ही पानी की टंकी बनी हुई है। हर घर नल योजना के तहत बनी जलापूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित नहीं होने के कारण ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण गणेश पांडेय का कहना है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ऐसे में ग्रामीणों को करीब 150 से 200 मीटर दूर जाकर डिब्बा और बाल्टी लेकर पानी लाना पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में पानी की किल्लत ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि हैंडपंपों पर सुबह से ही भीड़ लग जाती है, जिससे महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्र में तत्काल टैंकर से पेयजल आपूर्ति की जाए और साथ ही जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। इस समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों में रामपति, सालिक, रियाजुल हुसैन, दुर्गावती, मल्टी, गणेश पांडेय, हेमंत दुबे, प्रवेश, सुमित सहित अन्य लोगों ने जिला प्रशासन से शीघ्र समाधान कराने की मांग की है।